# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 29 अगस्त 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

## by GK Search Engine

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान के किस जिले की सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, टपूकड़ा की प्राचार्या नीलम यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा?

(A) कोटपूतली-बहरोड़

(B) डीडवाना- कुचामन

(C) खैरथल-तिजारा

(D) इनमें से कोई नही

- *शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की घोषणा की है। इसमें देशभर के 45 टीचर्स को चयनित किया गया है।*
- *राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले की सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, टपूकड़ा की प्राचार्या नीलम यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व नवाचार के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है।*
- *उन्हें शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा।*
- *नीलम यादव ने 1993 में शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ कीं। 2004 से 2015 तक व्याख्याता पद पर कार्य किया और 2015 से प्राचार्या की जिम्मेदारी संभाली।*

Yesterday Revision

⭕. राजस्थान में कब से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा?- 05 सितंबर

⭕. हाल ही में राजस्थान से किसे मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के अखिल भारतीय आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?-प्रो. नंद किशोर पांडेय

⭕. राजस्थान में किस जिले के योगेश कुमार साहू ने थाइलैंड में आयोजित 8वीं हीरोज ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है?- जयपुर

⭕. राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की परियोजना को राष्ट्रीय CIPS इनोवेशन अवार्ड 2024 प्रदान किया गया?- राज किसान साथी' प्रोजेक्ट

⭕. हाल ही में दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की 7वीं वार्षिक आम सभा में में कोच कमेटी का चेयरमैन किसे बनाया गया है?- महावीर सैनी

01. राजस्थान की बॉयज टीम ने किस टीम को हराकर 44वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीता है?

(A) पंजाब

(B) हरियाणा

(C) असम

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- हाल ही में, राजस्थान की बॉयज टीम ने 44वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैंम्पियनशिप का खिताब जीता है
- बिहार के बोधगया में आयोजित 44वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैंम्पियनशिप का बॉयज कैटेगरी का खिताब राजस्थान ने जीता।
- चैंम्पियनशिप 22 से 24 अगस्त तक आयोजित हुई थी। अंडर-17 कैटेगरी में राजस्थान ने मितेश की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह खिताब अपने नाम किया।
- फाइनल में राजस्थान ने पंजाब को 21-18, 21-17 से पराजित किया।
- मितेश कुमार को टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया।

02. हाल ही में भारत में विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी दुर्लभ जंगली बिल्ली 'कैराकल राजस्थान के किस टाइगर रिजर्व में देखी गई है?

(A) धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व

(B) कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व

(C) सरिस्का टाइगर रिजर्व

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व में एक साथ दिखी दो दुर्लभ जंगली बिल्ली 'कैराकल'
- कैराकल बेहद शर्मीली और अक्सर अकेली रहने वाली बिल्ली की एक दुर्लभ प्रजाति है।
- भारतीय वन्य जीव संस्थान के सर्वेक्षण के अनुसार भारत में करीब 50 के आसपास कैराकल ही बची है।
- अधिकतर मिडिल ईस्ट, अफ्रीका, सेंट्रल एशिया के जंगलों में अधिक पाई जाती है।
- 1952 में चीतों के लुप्त होने के बाद ये दूसरी बिल्ली है जो भारत में विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी है। आईयूसीएन ने इसे रेड लिस्ट में शामिल कर रखा है

03. एक पेड़ माँ के नाम अभियान' में राजस्थान ने देश भर में कौनसा स्थान हासिल किया है?

(a) पहला

(b) दूसरा

(c) तीसरा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ प्रधानमंत्री द्वारा 5 जून, 2024 (विश्व पर्यावरण दिवस) को लॉन्च किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' में राजस्थान ने देश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है।

👉 प्रथम स्थान : उत्तर प्रदेश (37.51 करोड़ पौधे)

👉 दूसरा स्थान : राजस्थान (8 करोड़ पौधे)

👉 तीसरा स्थान : गुजरात (6.05 करोड़ पौधे)

⭕ जयपुर हरियाली तीज के मौके पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 1 करोड़ 46 लाख 89 हजार 809 पौधे लगाए थे. उसे विश्व रिकॉर्ड में शामिल किया गया है.

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

04. जयपुर की अल्का बत्रा थाईलैंड-पटाया में होने वाले 'BWF वर्ल्ड सीनियर चैंपियनशिप' में किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी?

(A) बैडमिंटन

(B) कुश्ती

(C) शूटिंग

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जयपुर की बैडमिंटन खिलाड़ी अल्का बत्रा थाईलैंड-पटाया में होने वाले 'BWF वर्ल्ड सीनियर चैंपियनशिप' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- यह प्रतियोगिता 7 से 14 सितंबर तक होगी।
- उनकी उपलब्धियों की बात करें तो अमेरिकन मास्टर्स गेम्स 2024 में तीन स्वर्ण पदक और दो रजत पदक जीते हैं। इंटरनेशनल मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023, दक्षिण कोरिया में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।
- वर्तमान में वे फिक्की फ्लो की नेशनल स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर और फिक्की नेशनल की स्पोर्ट्स कमेटी की सदस्य हैं। जयपुर बैडमिंटन एसोसिएशन की उपाध्यक्ष भी हैं।

05. हाल ही में भारत में पहली बार मिला फाइटोसौर (एक प्रकार की छिपकली) के जीवाश्म राजस्थान के किस जिले में है?

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के जैसलमेर ज़िले के फतेहगढ़ के मेघा गाँव में जुरासिक काल से पहले के जीवाश्म मिले।
- यह भारत में पहली बार मिला फाइटोसौर (एक प्रकार की छिपकली) का जीवाश्म है।
- फाइटोसौर पानी के किनारे रहने वाला जीव था, जिसकी आकृति मगरमच्छ जैसी होती थी, लेकिन यह डायनासोर नहीं था।
- जीवाश्म लगभग 20 करोड़ वर्ष पुराने हैं, जिनकी लम्बाई 1.5 से 2 मीटर तक रही होगी।
- जेएनवीयू जोधपुर के भू-विज्ञान विभाग के डीन डॉ. वी.एस. परिहार के नेतृत्व में टीम ने खोज की।

06. राजस्थान में किस जिले की अनुया प्रसाद ने टोक्यो में होने वाले 2025 डेफ ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई किया है?

(A) उदयपुर

(B) करौली

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जयपुर की बेटी अनुया प्रसाद ने मूक-बधिर होने के बावजूद टोक्यो में होने वाले 2025 डेफ ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई कर देश का नाम रोशन किया
- पिछले साल जर्मनी के हनोवर में हुए विश्व डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल कंपटीशन में गोल्ड जीता था
- टॉप शूटरों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों श्रेणियों में ही अपना स्थान पक्का किया है।

07. हाल ही में राजस्थान में कामां महोत्सव का आयोजन कब किया गया?

(A) 19 से 21 अगस्त 2025

(B) 16 से 17 अगस्त 2025

(C) 15 से 18 अगस्त 2025

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में कामां महोत्सव (भरतपुर) का आयोजन - 16 से 17 अगस्त 2025 तक किया गया है
- कामां महोत्सव (भरतपुर) एक वार्षिक उत्सव है जो भगवान कृष्ण के जन्मदिन, जन्माष्टमी के अवसर पर कामां, भरतपुर में मनाया जाता है।
- यह उत्सव दो दिनों तक चलता है और इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, रासलीला, और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना शामिल होती है
- कामां महोत्सव, पर्यटन विभाग और भरतपुर जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।

08. सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए किस राज्य की टीम द्वारा राजस्थान में पीयर रिव्यू शुरू किया गया है?

(a) केरल

(b) मध्यप्रदेश

(c) हरियाणा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशों पर सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए केरल राज्य की टीम द्वारा राजस्थान में पीयर रिव्यू शुरू किया गया है।
- यह समीक्षा 18 से 24 अगस्त तक जयपुर, उदयपुर, अलवर, चूरू, बूंदी और झुंझुनूं जिलों में होगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान का लक्ष्य आंगनवाड़ी सेवाओं में सुधार और सामुदायिक भागीदारी से कुपोषण का उन्मूलन है

**09. वर्ष 2025 में विश्व झील दिवस पहली बार मनाया जाएगा?**

(A) 28 अगस्त

(B) 30 अगस्त

(C) 27 अगस्त

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- UN ने झील संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 27 अगस्त को विश्व झील दिवस घोषित
- संयुक्त राष्ट्र ने 2024 में संकल्प A/RES/79/142 के माध्यम से 27 अगस्त को विश्व झील दिवस के रूप में घोषित किया।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जागरूकता बढ़ाने और सतत झील प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है।
- झीलें महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र हैं, जो जीवन का समर्थन करती हैं, जलवायु को नियंत्रित करती हैं और आर्थिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में योगदान देती हैं।
- 2025 में विश्व झील दिवस पहली बार मनाया जाएगा।

**10. भारत और किस देश के मध्य अभ्यास ब्राइट स्टार 2025 आयोजित होगा?**

(A) रूस

**(B) मिस्त्र**

(C) जर्मनी

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारत मिस्र में अभ्यास ब्राइट स्टार 2025 के लिए भारतीय थलसेना के करीब 700 जवान और अधिकारी इस अभ्यास में भाग ले रहे हैं. यह युद्धाभ्यास 28 अगस्त से 10 सितंबर तक चलेगा
- अभ्यास ब्राइट स्टार: 1980 में मिस्र और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू किया गया; यह मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यासों में से एक के रूप में विकसित हुआ।
- भारत की भागीदारी प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ गहन रणनीतिक जुड़ाव का प्रतीक है।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में कब से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा?**

**(A) 02 अक्टूबर**

**(B) 25 सितंबर**

**(C) 05 सितंबर**

**(D) इनमें से कोई नही**

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine